सुविचार

जीवन में धोखा खाना भी बहुत जरुरी है, क्योंकि चलना मां-बाप सीखा देते हैं लेकिन संभलना खुद ही सीखना पड़ता हैं।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 122 ● मुंबई, सोमवार 30 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### पूर्बिया समाज खेलकूद प्रतियोगिता, उदयपुर रॉयल्स क्रिकेट में फिर चैंपियन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पूर्बिया समाज खेलकूद प्रतियोगिता मरुधरा खेल मैदान ओंगणा में क्रिकेट का फाइनल उदयपुर रॉयल्स एवं सलूंबर के बीच हुआ। नरेश पूर्बिया ने बताया कि उदयपुर में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खोकर 107 रन बनाए। जिसमें शुभम के 40 रन एवं मोहित के 16 रन व प्रवीण पूर्बिया के 14 रनो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सलूंबर की टीम रनों का पीछा करते हुए 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 100 रन ही बन पाई। इस प्रकार उदयपुर रॉयल्स 7 रनो से विजय हुई और फाइनल अपने नाम करते हुए चैंपियन टीम बन गई। उदयपुर रॉयल्स पिछले कई वर्षो से चैंपियन टीम है। कार्यक्रम में केन्द्रीय अध्यक्ष भेरुलाल पूर्बिया, उपाध्यक्ष नरेश पूर्बिया, उदयपुर अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया, मेवाड़ अध्यक्ष नारायण चौधरी, ओंगणा अध्यक्ष कमल पूर्बिया सहित गणमान्य समाज बन्धु उपस्थित थे।


### एक भारत श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय एनसीसी शिविर में दो दिवसीय एक्सपा कैडेट संगठन द्वारा आयोजित कैडेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** 5 राजस्थान गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा बीएन संस्थान मेंआयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में कैडेट्स को एक्सपा कैडेट ट्रेनिंग प्रोग्राम के द्वितीय दिवस सभी कैडेट्स को टीम वर्क, टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप के लेक्चर्स लिए गए। साथ ही कैडेट्स को उनकी क्षमता को परखते हुए सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया।दो दिवसीय इस कार्यशाला के समापन समारोह में कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत और डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा एक्सपा टीम के सभी मेंबर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया तथा अपना कीमती समय कैडेट्स को देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। मेजर (डॉ) अनीता राठौड़ द्वारा कैडेट्स को इस कार्यशाला का सदुपयोग अपने आगामी जीवन में करने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्सपा टीम में आए सभी मेंबर्स को अपना योगदान देने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया। शिविर में दोपहर समय शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ममता पालीवाल के नेतृत्व में राजस्थान निदेशालय के जूनियर विंग तथा जूनियर डिवीजन के कैडेट्स को गुलाब बाग, दूध तलाई, करणी माता मंदिर का भ्रमण कराया गया जहां कैडेट्स ने खूब आनंद लिया।

### प्रतापगढ़ में हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्रवाई, एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश




● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** नए साल और 31 दिसंबर को हुड़दंग मचाने वाले और शराब पीकर तेज बाइक चलाने वालों पर प्रतापगढ़ में पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इसे लेकर एसपी ने सभी थाना अधिकारियों और वृत अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए हैं। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया-31 दिसंबर और नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में प्रतापगढ़ शहर और जिले में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कई स्थानों पर इस तरह की पार्टियों मे शराब पीकर हुड़दंग करने के भी मामले सामने आते हैं। ऐसे आयोजनों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से भी ऐसे लोगों पर निगाह रखेगी। साथ ही शराब पीकर तेज गति से बाइक चलाने वालों लोगों को परेशान करने वालों पर भी पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

# बाड़मेर जिले में थाना कोतवाली व डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

**व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक 32 लाख रूपये की लूट की वारदात का खुलासा**

**5 आरोपी बापर्दा गिरफ्तार, वारदात मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त**

**300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज व एक हज़ार किलोमीटर के रूट पर जानकारी प्राप्त कर किया घटना का खुलासा**

● पदमावत मीडिया



**जयपुर/बाड़मेर ।** थाना कोतवाली इलाके में महावीर चौक के पास 20 दिसंबर की रात बाइक सवार व्यापारी भाइयों को रोक लाठी व लोहे की स्टिक से मारपीट कर जानलेवा हमला करने और आंखों में मिर्ची झोंक कर 32 लाख रुपए से भरा बैग लूट कर ले जाने के मामले का थाना कोतवाली व डीएसटी की टीम ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है, जिनके नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए है। 20 दिसम्बर की रात 9.30 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र में माणक अस्पताल के पास मोटर साईकल पर व्यापारी के साथ लूट होने की सूचना पर एसपी नरेन्द्र सिंह मीना एवं अन्य आला अधिकारी सहित डीएसटी, डीसीआरबी टीम तुरन्त मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर जानकारी लेने पर सामने आया कि व्यापारी संजय कुमार जैन व अशोक कुमार जैन रोजाना की तरह महावीर चौक से माणक अस्पताल की तरफ बाइक से अपने घर जा रहे थे। माणक अस्पताल के पास पीछे से आई एक सफेद रंग की कार मे सवार 3-4 अज्ञात नकाबपोश बदमाशो द्वारा व्यापारियों की बाइक के आगे कार लगा कर रूकवा दोनो पर जानलेवा हमला किया और आंखो मे मिर्ची पाउडर डालकर 32 लाख रूपयो से भरा बैग लूट कर भाग गये। व्यापारी संजय कुमार जैन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए एएसपी जस्सा राम बोस के निर्देशन व सीओ रमेश कुमार के सुपरविजन एवं थाना कोतवाली स एसएचओ लेखराज सियाग, एसआई लिच्छा राम, सलीम मोहम्मद व मांगी लाल, डीएसटी से एएसआई अमीन खां, मेहा राम एवं डीसीआरबी से एएसआई महिपाल सिंह के नेतृत्व में अलग अलग टीमों का गठन कर टास्क दिया गया। पुलिस टीम व डीएसटी द्वारा घटना स्थल के आस पास व बाड़मेर शहर में लगभग 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर वारदात मे प्रयुक्त कार व अज्ञात मुलजिमों के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गई। सीसीटीवी कैमरो की फुटेज के आधार पर एवं आसूचना व तकनीकी सहायता से संदिग्धों से पूछताछ की गयी।

इस दौरान टीम ने बाडमेर शहर, इन्द्रानगर, इन्द्रा कॉलोनी, रोहिड़ा पाड़ा, भादरे, झणकली, बालोतरा, कल्याणपुर, लूणी जोधपुर एवं अन्य सम्भावित स्थानों पर करीब 1000 किलोमीटर तक अज्ञात मुलजिमों की जानकारी हासिल की। सीसीटीवी फुटेज व अनुसंधान से घटना मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार का पता लगा उसके मालिक को दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ की गई। वाहन मालिक ने गहन पूछताछ करने पर बताया कि योजना बनाकर अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात करना बताया। इस पर पुलिस टीमों द्वारा अन्य आरोपियो की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। लगातार पीछा कर वारदात मे शामिल अन्य 4 आरापियो को भी दस्तयाब किया गया। वारदात करना स्वीकार करने पर सभी आरोपियो को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। जिनकी शिनाख्तगी के बाद नाम उजागर किए जाएंगे। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस लूट की रकम की बरामदगी के लिए पूछताछ कर रही है।

#### वारदात का तरीका

व्यापारी संजय कुमार जैन निवासी गोलेच्छा मार्ग रोजाना की तरह 20 दिसम्बर की रात को भी अपने भाई अशोक के साथ अपनी मोटरसाईकिल पर 32 लाख रूपयों से भरा बैग लेकर रेल्वे स्टेशन से महावीर चौक होते हुए अपने घर जा रहे थे। पीछे से आई कार में सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को रोका। दोनों भाइयों की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर लाठी व लोहे की स्टीक से मारपीट कर रूपयों से भरा थेला लेकर भाग गये।

#### 8-10 दिन से कर रहे थे रेकी

दोनों व्यापारी भाई रोजाना ही इसी प्रकार कैश लेकर निकला करते थे, जिनकी जानकारी इन बदमाशों को थी। आरोपियों द्वारा 8-10 दिन तक लगातार रेकी की गई थी। उसके बाद 20 दिसम्बर की रात को षडयंत्र के अनुसार कार से व्यापारी भाइयों का पीछा किया और महावीर चौक पर उन्हें रोककर घटना को अंजाम देकर भाग गए। आगे जाकर पैसो का आपस मे बटंवारा कर अलग अलग जगह पर चले गये। इस कार्रवाई मे थाना कोतवाली के कांस्टेबल नखत सिंह की विशेष भूमिका रही है। जिसको विशेष पारितोषिक के लिए उच्चाधिकारीयो को अनुंषा की जायेगी। सम्पुर्ण कार्रवाई मे थाना कोतवाली व डीएसटी टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है, टीम सदस्यो को भी सम्मानित किया जाएगा।

## रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया 140 यूनिट रक्तदान

● पदमावत मीडिया

**संवाददाताः ईश्वर लाल सुथार**




**सलूम्बर।** जिले में श्री विश्वकर्मा सुथार महासभा द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेल महोत्सव के तहत रविवार को सीनियर सेकेंडरी खेल मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में समाज के युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दोपहर पर तक चले रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

महासभा अध्यक्ष शंकरलाल माकड़सीमा ने बताया कि इस शिविर का आयोजन चार दिवसीय खेल महोत्सव के तहत अंतिम दिन युवाओं की मांग पर किया गया था। रक्तदान शिविर में संभागीय अध्यक्ष शंकर लाल सुथार माकडसीमा, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोवर्धन लाल सुथार तितरडी, संभागीय महासचिव कन्हैया लाल सुथार झाड़ोल, संभागीय खेलमंत्री हरिकिशन सुथार लक्ष्मणपूरा, संभागीय कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल सुथार हाथीधरा व बैठक अध्यक्ष किशनलाल गामटी वनावल, सुरेश सुथार निचला गिर्वा, शंकर लाल सुथार छप्पन बैठक, रूप लाल गुडेल मेवल बैठक, भवर लाल मोवाई वागड़ बैठक, नारायण लाल टुस वैरगटा बैठक, अमृतलाल पुनाली कांठल बैठक, रामा किशन हाथी धरा उपरला गिर्वा बैठक, मोती लाल सायरा सेरा वाकल मझावद बैठक, जगदीश उदयपुर आयड़ उदयपुर बैठक, विजय कृष्ण फलासिया झलावाड़ा बैठक, पुरुषोत्तम सुथार डूंगरपुर बैठक, किशन लाल केसरिया जी बैठक, बंसीलाल खेरवाड़ा बैठक, मुकेश नयागांव न्यूखड़क बैठक, चमनशेखर नवाणिया सहित सम्भाग के समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को छप्पन ओर शोभावटी की युवा शक्ति ने जी जान से मेहनत और लगन से बड़ों के मार्गदर्शन में सफल बनाया।

## मुकेश माधवानी ने सांसद मन्नालाल रावत से की मुलाकात

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** झीलों की नगरी और उदयपुर की सांस्कृतिक राजधानी उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना के लिए प्रयासरत मुकेश माधवानी ने उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय के महत्व, इसकी संभावनाओं और उदयपुर की संस्कृति व पर्यटन को मिलने वाले फायदों के बारे में बताया।

मुकेश माधवानी ने बताया कि सांसद महोदय से हमें इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि सांसद ने हमारी बात ध्यान से सुनी और तुरंत ही पर्यटन निर्देशक को कॉल करके आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उनका सकारात्मक सहयोग हमारे लिए प्रेरणादायक है। सांसद मन्नालाल रावत ने पहल की सराहना करते हुए कहा, ÷यह पहल न सिर्फ हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने में मदद करेगी, बल्कि उदयपुर को एक नई पहचान भी दिलाएगी। ऐसे प्रयास सराहनीय है।

**सलूम्बर जिले में सराड़ा थाना पुलिस की कार्रवाई**

## शराब ठेके पर चोरी करने वाले दो और आरोपी पकड़े

● पदमावत मीडिया




**सलूम्बर ।** जिले की सराड़ा थाना पुलिस ने शराब ठेके पर चोरी करने वाले 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सराड़ा थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया कि प्रार्थी प्रदीप सिंह पिता दौलत सिंह हाल सेल्समैन अंग्रेजी शराब दुकान सूरखंड ने थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि वह रात को ठेके पास बने मकान पर सो रहा था। रात के समय अज्ञात चोरों ने ठेके के गेट को तोड़कर ठेके में रखी विभिन्न वैराइटी की अंग्रेजी शराब चोरी कर ली। जिसके बाद फरार हो गए। शराब की कीमत करीब 6 लाख रुपए थी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपी जीवतराम उर्फ जीवा पिता वक्ता? निवासी खेरवाड़ा और ईश्वरलाल पिता मणीलाल बरडा निवासी डूंगरपुर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थानाधिकारी हेमन्त अहारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में थाना सराड़ा से सहायक उप निरीक्षक रणजीत कुमार, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण लाल, कर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, आसूचना कांस्टेबल जगदीश सिंह, कांस्टेबल दिग्विजय सिंह, प्रवीण कुमार, मधुसुदन सिंह, साइबर सेल से हेमेंद्र सिंह शामिल थे।

***डांगी समाज की महापंचायत सोमवार को कानपुर खेड़ा में***

## आगामी 14 जनवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बनेगी रूपरेखा

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर में डांगी सेवा संस्थान की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में आगामी 13-14 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को उदयपुर के कानपुर खेड़ा में डांगी समाज की महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें डांगी पटेल समाज के पंच पटेल भाग लेंगे और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा भी तय की जाएगी। सोमवार को कानपुर खेड़ा खेल मैदान पर आयोजित होने वाली महा पंचायत में डांगी सेवा संस्थान खेल संघ के अध्यक्ष और वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित होगी जिसमें डांगी पटेल समाज के गोपाल पटेल और दलीचन्द डांगी सहित उपला गिरवा और निचला गिरवा के पंच पटेल शामिल होंगे। वल्लभनगर विधायक और डांगी खेल संघ के अध्यक्ष उदय लाल डांगी की उपस्थिति में समाज के उपला गिरवा चौखले के अध्यक्ष गोपाल पटेल और दलीचन्द डांगी सहित पंच पटेल के साथ बैठकर रूपरेखा तय करेंगे। रविवार को महा पंचायत की तैयारी को लेकर भी एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी तादाद में खेल संघ के सदस्य शामिल हुए और कार्यक्रम को लेकर तैयारी का जायजा लिया। महापंचायत की तैयारी में खेल संघ के रमेश डांगी, केशु लाल डांगी, दूदाराम डांगी,गणेशलाल डांगी, दिनेश डांगी, गेहरी लाल डांगी, नारायण डांगी, सुरेश शेरावत, प्रकाश पटेल ने चर्चा की। गणेश लाल डांगी ने बताया कि इस महापंचायत में आगामी प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई जाएगी समाज स्तर पर वह कार्यक्रम की जिम्मेदारी सबको दी जाएगी इसी को लेकर इस महापंचायत का आयोजन हो रहा है।

## श्रीं खेतेश्वर मंदिर का वार्षिकोत्स्व धूमधाम से सम्पन्न, भामाशाह व सहयोगियों का हुआ सम्मान



● पदमावत मीडिया

**ठाणे।** जिले के भिवंडी मे राजपुरोहित समाज के आराध्य देव श्रीं खेतेश्वर महाराज के मंदिर का वार्षिकोत्स्व का आयोजन राजपुरोहित विकास मंडल, भिवंडी की ओर से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक मेले मे सुप्रशिद्ध गायक कलाकार अमृतलाल पुरोहित कैलाशनगर एंड पार्टी की ओर से एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी जिसपर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। वार्षिक उत्सव मे दोपहर को महिलाओ की ओर से भजनो की प्रस्तुति दी व शाम को पुरुषो की ओर से भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे समाज भवन निर्माण पर चर्चा हुई ओर बोलिया भी बोली गई। कार्यक्रम मे सहयोग करने वाले सहयोगियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी ने महाप्रसादी का आनंद लिया।

# नेत्र जांच शिविर में 1840 रोगियों की निःशुल्क जांच की गई

● पदमावत मीडिया



**भीनमाल।** निकटवर्ती धानसा ग्राम के राजकीय प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में भामाशाह सोहनराज पुत्र वच्छराज पटियात की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव रहे । जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नरपत सोलंकी, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष दीपसिंह धनानी, भैरूमल जैन जालोर, रतनचन्द जैन मोदरा, तहसीलदार जसवंतपुरा नीरजकुमारी, श्रीमती मंजू सोलंकी, महेंद्र मुणोत, पूर्व सरपंच महेंद्रसिंह राठौड़ थे । अतिथियों ने मां आशापुरी व गुरू महाराज की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर एवं नेत्र जांच शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया । पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव ने कहा कि जो भामाशाह अपनी जन्म भूमि का कर्ज उतारने के लिए परोपकार रूपी खर्च करता है, वह पुण्यशाली आत्मा है । नेत्र जांच शिविर आयोजक पटियात परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कर्म भूमि चित्रदुर्गा है, पर गांव से लगाव तो देखो हर साल अपने गांव के लोगों के लिए लाखों रुपए खर्च कर लोगों का निशुल्क इलाज करवाते हैं । वही जो ऑपरेशन के लायक होते हैं, उनका निःशुल्क ऑपरेशन करवाना यह एक बहुत पुन्य का काम है । ऐसे कामों में आगे आना चाहिए । भामाशाह कमाते तो प्रवासी बन कर अपनी कर्म भूमि से मगर अपनी जन्मभूमि के लिए भी धन खर्च करते हैं। जिस गांव में पैदा हुए, उस जमीन का कर्ज अदा करते हैं। ऐसा भामाशाहों का मैं बहुत-बहुत आभारी हूं। साथ ही उन्होंने एक्सीडेंट मामले को बताते हुए कहा कि जिले में 135 पिछले साल में एक्सीडेंट हुए थे । अबकी बार 111ही हुए है, जो पिछली बार से कम हैं। मैं गांव वालों को और युवा पीढ़ी को आग्रह करता हूँ कि दोपहिया वाहन पर अपना हेलमेट जरूर पहने । हेलमेट पुलिस के लिए नहीं पहनना है, बल्कि अपने शरीर की रक्षा के लिए पहनना होता है । किसी के घर में एक ही चिराग है वह भी घर से हेलमेट लेकर के सवारी करें और मोटर एक्ट नियमों का पालन करें । पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष दीपसिंह धनानी ने कहा कि पैसा हमेशा दूसरों के लिए खर्च करना ऐसा संस्कार अपने बच्चों को भी दे, धन का सदुपयोग करना चाहिए। जो दूसरों के लिए भी काम आ सके । उन्होंने अपने माता-पिता के संस्कारों को याद रख कर जीवन में पुण्य कार्य करते रहने की प्रेरणा दी । धनानी ने भामाशाह का आभार जताया । डॉ. नरपत सोलंकी ने कहा कि मेरी कर्म भूमि बेंगलुरु है । मगर जन्म भूमि का ऋण अदा करने के लिए लोगों का यहां पर इलाज करता हूँ । डॉ. नरपत सोलंकी ने ऑपरेशन के बाद अपनाने वाली ज़रूरी सावधानी बरतने का सुझाव भी दिया । ऑपरेशन के बाद सर के नीचे पानी डाल कर नाहना चाहिए, पानी सिर पर नही डाले। आई मेकअप नहीं करें, नशा नहीं करें । भामाशाह सोहनराज ने आई प्रॉजेक्ट दृष्टि की टीम को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर 140 जरूरत मंद लोगों का डॉ. नरपत सोलंकी द्वारा ऑपरेशन किये जाएगे, जबकि 1840 मरीजों की आंखें जांच की गई एवं 985 लोगों को आंखों के चश्मे दिए गए । कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों द्वारा भामाशाह सोहनराज पटियात का बहुमान किया गया। कार्यक्रम मंच संचालन विक्रमसिह राठौड ने किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, चैनसिह राठोड, रामसिह मेडतिया, डॉ. अमरसिंह धनखड, डॉ.रामेश्वर गौत्तम, प्रवीण जैन, हुकमसिंह, छैलसिंह, महावीर शर्मा, चनणीकुमारी, वगताराम कुयाराम, जयन्तिलाल राव, दलाभाई राव सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

## करौली जिले में मासलपुर थाना पुलिस की कार्रवाई

# पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया




**जयपुर/करौली ।** जिले के मासलपुर थाना क्षेत्र के बरवाना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर 14 दिसंबर को लाठी डंडों और पत्थरों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने वाछित आरोपी राजेन्द सिंह उर्फ काड्‌डू गुर्जर पुत्र भैरो सिह (29), संतोकी गुर्जर पुत्र चन्दन सिंह (65) एवं रामवीर गुर्जर पुत्र संतोकी (37) निवासी बरवाना थाना मासलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि आरोपी राजेन्द सिंह उर्फ काडू गुर्जर को 26 दिसम्बर को फक्कड मोड सकरघटा से एवं आरोपी संतोकी गुर्जर व उसके बेटे रामवीर गुर्जर को शनिवार को नीमरीपुरा स्कूल के पास से दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद गिरफतार किया गया है। एसपी उपाध्याय ने बताया कि 16 दिसंबर को बरवाना निवासी जनक सिंह गुर्जर द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि 14 दिसम्बर की शाम 6.30 बजे आरोपी संतोकी और उसके बेटे रामवीर व राधेश्याम आदि एक राय होकर हाथो में लाठी-डण्डा व पत्थर लेकर पुरानी रंजिश को लेकर उनके परिवार के हरमन गुर्जर के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। यह देखकर उसके पिता रतिराम ने बीच बचाव किया तो रामवीर ने जान से मारने की नियत से उनके सिर पर पत्थर मार दिया। उसके बाद राधेश्याम ने लाठी व अन्य सभी व्यक्तियो ने गाली गलौच करते हुए लात-घूंसो से मारपीट की। मारपीट की वजह से बेहोश होकर गिर जाने पर सभी आरोपी वहां से भाग गए। हमने अपने पिता को हिण्डौन अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उन्हें जयपुर रैफर किया गया, अभी जयपुर के जेएनयू अस्पताल में भर्ती उसके पिता को होश नही आया, वे मरण अवस्था में है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की गई। एसपी उपाध्याय ने बताया कि इलाज के दौरान सिर में पत्थर लगने के बाद लगातार बेहोशी की हालत में ईलाज रत रति राम की इलाज के दौरान शुक्रवार 27 दिसंबर को मौत हो गयी। इस पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। एसएचओ नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मामले में तीन आरोपियों राजेंद्र सिंह उर्फ काड्डू, संतोंकी और उसके बेटे रामवीर गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# कलेक्टर की फर्जी आईडी बनाकर भाजपा जिला मंत्री से मांगे रुपए, एक लाख की डिमांड की

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट को लेकर कई मामले सामने आ चुके हैं. किसी भी व्यक्ति का फोटो लगाकर उसके नाम से फर्जी आईडी बनाई जाती है, और फिर परिचितों से रुपयों की मांग की जाती है. ऐसा ही मामला उदयपुर में सामने आया है, जिसमें ठग ने जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के नाम से ही फर्जी आईडी बना दी. उदयपुर भाजपा जिला मंत्री गजपाल सिंह राठौड़ को मैसेज का रुपयों की मांग भी कर दी. समय रहते फर्जी आईडी का पता चल गया. अब तक किसी के साथ ठगी होने का मामला सामने नहीं आया है।



### कलेक्टर की फोटो लगी आईडी से मैसेज आया

मामले को लेकर भाजपा जिला मंत्री गजपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि उनके मोबाइल पर कलेक्टर के फोटो लगी आईडी से एक मैसेज आया. मैसेज करने वाले ने हाल-चाल जानने के बाद मेरे मोबाइल नंबर मांगे. अपने मोबाइल नंबर उसे दे दिए. साथ ही एक मैसेज आया जो अपने आपको कलेक्टर बता रहा था. उसने मैसेज ने लिखा कि उनका सीआरपीएफ में एक दोस्त है और उसका ट्रांसफर हो गया है. उनके घर पर अच्छी कंडीशन में कुछ फर्नीचर पड़ा है जिसे बेचना है।

### मैसेज भेजने वाले ने 1 लाख 11 हजार की डमिांड की

उन्होंने बताया कि उसके बाद एक व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया, जिसमें फर्नीचर की जानकारी और फोटो थे. उसकी प्रोफाइल पर किसी सीआरपीएफ अधिकारी का फोटो लगा हुआ था. मैसेज भेजने वाले ने 1 लाख 11 हजार रुपयों की डिमांड की, इससे पहले भी ये बदमाश कई लोगों को जिला कलेक्टर के नाम से पैसों की डिमांड कर चुके हैं. मैसेज के बाद कलेक्टर अरविंद पोसवाल को कॉल कर इसकी जानकारी दी, तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई प्रोफ़ाइल नहीं है. लोगों को अवेयरनेस भी करते हैं।

### अनजान व्यक्ति की रक्विेस्ट एक्सेप्ट नहीं करें

साइबर एक्सपर्ट श्याम चंदेल ने बताया कि किसी भी व्यक्ति का सोशल मीडिया से फोटो लेकर फर्जी आईडी बनाने के कई मामले सामने आते हैं. इसलिए आपको सोशल मीडिया पर प्रोफाइल और फोटो पर हमेशा लॉक लगाकर रखें, ताकि ना तो कोई फोटो डाउनलोड कर सके और ना ही स्क्रीनशॉट ले सके. साथ ही किसी भी अनजान व्यक्ति की कभी रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें।

# श्री विश्वकर्मा सुथार समाज के संभाग स्तरीय खेल महोत्सव के तहत हुआ कवि सम्मेलन






● पदमावत मीडिया

**संवाददाताः ईश्वर लाल सुथार**

**सलूम्बर ।** श्री विश्वकर्मा सुथार महासभा द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेल महोत्सव के तहत शनिवार रात्रि को कवि सम्मेलन हुआ। सलूंबर शहर के सीनियर सेकेंडरी खेल मैदान के प्रांगण में खचाखच भरे दर्शकों के बीच देश के प्रमुख कवियों ने काव्य पाठ से समा बांधा। खेल महोत्सव के आखिरी रात में मशहूर कवियों की कविताओं ने उपस्थित दर्शकों को ढलती शाम से देर रात तक बांधे रखा। मुख्य सूत्रधार राव अजात शत्रु ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल योगिनी शारदा नाथ, समाज के शंकर लाल माकड़सीमा, सलूंबर नगर परिषद के पार्षद धर्मेंद्र शर्मा रहे। कवयित्री भावना लोहार ने मां सरस्वती की वंदना के साथ कवि सम्मेलन का आगाज किया। जिसमें सर्वप्रथम उपली ओडन के हास्य कवि कानू पंडित ने मायरा और जीमण पर एक बार आओ जी जमाई जी पावणा.... पैरोडी सुना कर श्रोताओं को खूब हंसाया। आदित्य जैन ने कमर हिलाने वाले भांडों को हीरो मत कहो, हीरो अपना विवेकानन्द होना चाहिए.. गाई। उन्होंने अकबर भी डर गया तेरी छाती के नाप से, चट्टान भी पिघल गई सांसों के ताप से मिट्टी में गिरा खून तो हल्दी महक उठी, धरती ये धन्य हो गई राणा प्रताप से.. के द्वारा महाराणा प्रताप की वीरता का बखान किया। श्रृंगार रस की कवयित्री भावना लोहार ने मैं तेरे खातिर हुई बावरी, उम्र बीतने पर मोहब्बत कम नहीं होती सहित कई रचनाएं सुना कर खूब वाह-वाही बटोरी। हास्य कवि मनोज गुर्जर ने भी मेवाड़ी भाषा में अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को खूब हंसाया। डॉ. कैलाश मंडेला (शाहपुरा-भीलवाड़ा) ने देश की विसंगतियों पर अपनी नई पैरोडियों से श्रोताओं का आनंदित किया। श्रोताओं की मांग पर अपने श्रृंगार व वीररस के कई गीतों का पाठ किया। बेटियों के लिए लिखी अपनी प्रसिद्ध रचना थनै कुण कहवे रे काळी, म्हारा घर की थूं दीवाळी सुनाकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। कवि समेलन के सूत्रधार उदयपुर के ओज व हास्यव्यंग्य के कवि अजातशत्रु ने अपनी चुटीली बातों से पंडाल में श्रोताओं को गुदगुदाने में कोई कमी नही छोड़ी। अपनी प्रसिद्ध कविता गोरा बादल राजस्थान को गाकर सबका मन मोह लिया। साथ ही अजातशत्रु ने मां के आँचल से गंगा जमुना अविरल बनकर बहती है. चांदनी रात में अरमान दबाकर निकले.अश्क बात ये पलकों को बताकर निकले वही भजन के गगन में मगन हो गए ज्लागी लगन तो छगन हो गए देव दर्शन बहाने मिली अप्सरा जलोटा तो जड़ से पतन हो गए पाठ पर किया। वीर रस के कवि राजेन्द्र ने शर्म करो पालघर ÷ना वे चोर उचक्के थे, ना बच्चों के व्यापारी थे! उनका दोष यही था, वो केवल भगवा धारी थे। कवि गोड ने एक नजर डाली राणा ने, युद्ध क्षेत्र को नाप गया! मुगल सेना की सारी क्षमता, क्षण मात्र मे भांप गया! दो मण का भाला लेकर चेतक पर आरूढ़ हुआ तो, गूंज उठी जयकार, मानसिंह थर थर थर थर कांप गया! जैसी कविता सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया।

## अखिल भारतीय मेनारिया समाज के महाराणा प्रताप खेलगांव में चल रहे सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (चतुर्थ)-2024, का समापन समारोह कल



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अखिल भारतीय मेनारिया समाज के महाराणा खेलगांव में चल रहे सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता - 2024 का समापन समारोह कल होगा द्य इस प्रतियोगिता का आयोजन मेनारिया समाज ग्राम सभा चिरवा द्वारा किया जा रहा हे। मेनारिया समाज चीरवा के अध्यक्ष नर्बदा शंकर मेनारिया बताया कि समापन समारोह में विजेता टीम को 21000 रुपए, उपविजेता टीम को 11000 रुपए और साथ ही सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को ईनामी राशि ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया की प्रतियोगिता में कल 48 टीमों ने भाग लिया जिसमें से आठ टीमें पावर क्लब पानेरियों की मादड़ी, चामुंडा क्लब वाना, मालवा मेवाड़, कुलदेवी 11, हिनल स्पोर्ट क्लब, सालेडा, मेवाड़ क्लब, टाइगर, मेनार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है द्य कल क्वाटर फाइनल, सेमीफाइन, फाइनल मैच साथ ही इस प्रतियोगिता का समापन होगा।

## मुक्ताकाशी मंच पर हवामहल देखने के प्रति भारी उत्साह

# दीर्घकालीन सोच और परिकल्पना ने शिल्पग्राम को बनाया सदाबहार








● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** कहते हैं दीर्घकालीन परिकल्पना जब धरातल पर उतरती है तो वह आने वाले वक्त में अपनी अहमियत साबित करती ही है। इन दिनों शिल्पग्राम इसका जीता-जागता उदाहरण बन गया है। बता दें, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद राजकीय शोक के कारण हालांकि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रोक दी गई हैं, फिर भी शहरवासियों का शिल्पग्राम के प्रति उत्साह कम नहीं हुआ है। वजह है, मुक्ताकाशी मंच पर बना पिंक सिटी के हवामहल की प्रतिकृति, यहां लगे स्टोन के राशि चिह्नों के स्कल्पचर, गवरी सहित जगह-जगह लगे स्टोन के म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स और सांस्कृतिक झलक देतीं शानदार मूर्तियां। इन सब का निर्माण हुआ तब शायद ही किसी ने सोचा था कि कभी ये बड़े आकर्षकण का केंद्र बनेंगे। अब वाकई यह सच साबित हो रहा है। बानगी देखें, शनिवार को एक दिन में 18 हजार से ज्यादा मेलार्थी आए और जमकर खरीदारी की । शिल्प स्टाल्स पर और फूड कोर्ट में दिन भर गजब की भीड़ रही। मुख्य रंगमंच पर बनाई गई जयपुर के हवामहल की प्रतिकृति भी कमाल का रोमांच पैदा कर रही है । उसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में पिकनिक, सेल्फी सेलिब्रेशन और शॉपिंग का खूबसूरत माहौल देखा जा रहा है । शिल्पग्राम के दोनों दरवाजों के बाहर वाहनों की लंबी लंबी कतारें और शिल्पग्राम के अंदर सलीके से प्रदर्शित की गई पत्थरों की कलाकृतियां के आस पास सेल्फी लेने वालों की भीड़ इस बात की गवाह है कि उदयपुर के लोगों के मानस में शिल्पग्राम रच बस गया है। कई आगंतुकों का मानना है कि पिछले 10-12 वर्षों में शिल्पग्राम परिसर में जनरुचि के बहुत सारी कलाकृतियां जोड़ी गई हैं, जिनके कारण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बंद होने के बावजूद जनता में उत्साह न केवल बरकरार रहा, बल्कि उसमें बढ़ोतरी ही हुई है। उदयपुर के दीपक, उमेश, रघुवीर, मेधा, संगीता आदि कई मेलार्थी कहते हैं कि शिल्पग्राम उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नहीं हो रही हैं तो शिल्पग्राम को अच्छी तरह से देखने का अवसर मिल रहा है। केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी हेमंत मेहता ने बताया कि केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने अपने पहले कार्यकाल में दीर्घकालीन सोच और परिकल्पना के मुताबिक शिल्पग्राम को वर्षपर्यंत जीवंत रखने के लिए कई नवाचार किए थे जिनका लाभ केंद्र को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 50 से अधिक वाद्य यंत्र और अनेक आधुनिक मूर्तियां अलग-अलग स्थानों पर स्थापित की गई, जो अपने आप में शिल्पकला का अद्भुत नमूना तो हैं ही, साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने का एक अच्छा माध्यम भी हैं। उन्होंने बताया कि इस बार फिर उनके ही कार्यकाल में पत्थरों में तराशे गए राशि चिह्नों के साथ ही गवरी के चरित्र तथा आदिवासी मुखौटे शिल्पग्राम उत्सव में स्थापित किए गए जो एक नए आकर्षण केंद्र के साथ-साथ ही मेवाड़ की आदिवासी कला का उत्कृष्ट नमूना भी हैं। संगम हाल में लगाई गई प्रदर्शनी में महलों और मंदिरों की लघुकृतियां भी लोगों को लुभा रही हैं। हेमंत मेहता का कहना है कि आज सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है तो भी निदेशक खान की सोच के बदौलत शिल्पग्राम को कई ऐसे स्थाई आकर्षण बिंदु मिल पाए, जिन्हें देखकर लोग रोमांचित हो रहे हैं।





### कला प्रेमियों में मायूसी के बाद जागा उत्साह

केंद्र के सहायक निदेशक दुर्गेश चंदवानी का आकलन है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होने के कारण कला प्रेमियों में कुछ मायूसी अवश्य है, परन्तु उत्साह कम नहीं हुआ है। उनके अनुसार इसका फायदा शिल्पकारों के स्टाल्स पर खरीदारी में बढ़ोतरी में देखा जा सकता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लगने वाला समय अब खरीदारी में लग रहा है और स्टाल शिल्पियों के चेहरे ज्यादा खिल गए हैं। चंदवानी कहते हैं कि केंद्र निदेशक फुरकान खान (जो कि पूर्व में 2014 से 2019 तक केंद्र के निदेशक रहे) का विचार यही था कि मात्र झोंपड़ियों से बहुत लंबे समय तक शिल्पग्राम को जीवंत नहीं रखा जा सकेगा, इसीलिए ऐसे पॉइंट्स बनाए जाएं जो कि खुले आसमान के नीचे बारिश और धूप को सहन करने के बाद भी स्थाई रूप से आकर्षण का केंद्र बन सकें और जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी परिलक्षित करते हों। इस बार इत्तेफाक से शिल्पग्राम उत्सव आयोजित करने का दायित्व फुरकान जी को पुनः मिला तो इसे बेहतर बनाने साथ ही सदैव की भांति कुछ नया करने के विचार ने नई गतिविधियां जुड़वा दीं। उत्सव को पूरी तरह लोक के रंग-लोक के संग÷ थीम पर क्यूरेट किया गया। उदयपुर के दर्शक लोक कला के पारखी हैं, जिनका लोक कलाओं से आनंदित होने और कला और कलाकारों को सराहने का अपना अलग स्टाइल है। कलाकार भी यहां आकर बहुत प्रसन्न रहते हैं।

### मंच मौन... असर गौण

चंदवानी और मेहता कहते हैं कि उदयपुरवासियों के शिल्पग्राम प्रेम की इससे बड़ी निशानी क्या होगी कि सांस्कृतिक मंच मौन होने पर भी दर्शकों की संख्या में मामूली अंतर आया है। प्रेम के लिए और संस्कृति की समझ के लिए वो उदयपुर और आसपास के दर्शकों का हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

### क्या कहते हैं निदेशक

शिल्पग्राम परिसर में अभी भी बहुत संभावनाएं हैं और केंद्र का दायित्व है कि उदयपुर के दर्शकों को भारतीय संस्कृति के नए-नए पहलुओं से रोचक अंदाज से रूबरू करवाता रहे।

**-फुरकान खान, निदेशक, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर।**

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।